वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांकः पू0वि0वि0/डी0एस0डब्ल्यू/383 /2026–27 अति महत्वपूर्ण/समयबद्ध दिनांक : 17.08.2026

आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध जौनपुर एवं गाजीपुर जनपद के जिन महाविद्यालयों द्वारा दिनांक 15 अगस्त, 2026 तक स्कालरशिप पोर्टल पर मास्टर डाटा पूरित कर लिया है, ऐसे महाविद्यालयों के प्रबन्धक/प्राचार्यो से अनुरोध है कि मास्टर डाटा भरने के बाद उसकी हार्डकापी, **AISHE** प्रमाण–पत्र एवं आपके महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों की मान्यता की फोटो कापी अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक 22.08.2026 तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें जिससे आपके महाविद्यालय की निर्धारित सीट व शुल्क इत्यादि का सत्यापन/अग्रसारण स्कालरशिप पोर्टल पर आनलाइन किया जा सके, तथा आपके महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राएं समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदान की जा रही छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति प्राप्त करने हेतु आनलाइन छात्रवृत्ति आवेदन फार्म भर सकें।

2–जिन महाविद्यालयों द्वारा मूल सीटों के अतिरिक्त **EWS** की सीटों पर छात्रों को प्रवेश दिया गया है वे महाविद्यालय इस आशय का प्रमाण–पत्र भी अन्य अभिलेखों के साथ अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय में दिनांक 22.08.2026 तक अनिवार्य रूप से जमा करेंगे जिससे **EWS** प्रमाण–पत्र को स्कालरशिप की साइट पर अपलोड किया जा सके।

3–इस विषय में किसी प्रकार की कठिनाई होने पर जानकारी हेतु डी0एस0डब्ल्यू कार्यालय अथवा मो0 नं0 8052518136 पर सम्पर्क किया जा सकता है। 9984147225

(प्रो0 प्रमोद कुमार यादव)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण

प्रतिलिपिः–
1–निजी सचिव कुलपति, कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
2–आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
3–उप कुलसचिव, छात्रवृत्ति के सूचनार्थ।
4–विश्वविद्यालय वेबसाइट प्रभारी को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5–अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय के सूचना पट्ट पर चस्पा करने हेतु।

17.08.2026
अधिष्ठाता छात्र कल्याण